प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

1 जनवरी 2021

भारतीय रिज़र्व बैंक ने परिवारों के मुद्रास्फीति प्रत्याशा संबंधी सर्वेक्षण के जनवरी 2021 दौर की शुरुआत की

भारतीय रिज़र्व बैंक नियमित रूप से परिवारों का मुद्रास्फीति प्रत्याशा संबंधी सर्वेक्षण (आईईएसएच) आयोजित कर रहा है। अब सर्वेक्षण के जनवरी 2021 दौर की शुरुआत की जा रही है। सर्वेक्षण का उद्देश्य 18 शहरों में अर्थात् अहमदाबाद, बेंगलुरू, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ, चेन्नै, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पटना, रायपुर, रांची और तिरूवनंतपुरम के करीब 6,000 परिवारों का उनके व्यक्तिगत खपत बास्केट पर आधारित मूल्य गतिविधि और मुद्रास्फीति पर वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन कराना है। इस सर्वेक्षण में परिवारों से अगले तीन माह तथा अगले एक वर्ष मे कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव (सामान्य कीमतों के साथ-साथ विशिष्ट उत्पाद समूहों की कीमतें) पर गुणात्मक प्रतिक्रियाएं मांगी जाती हैं तथा चालू, अगले तीन माह और अगले एक वर्ष में मुद्रास्फीति दरों पर मात्रात्मक प्रक्रियाएं मांगी जाती हैं। इस सर्वेक्षण के परिणाम मौद्रिक नीति के लिए उपयोगी सूचना प्रदान करते हैं।

मेसर्स हंसा रिसर्च ग्रुप प्रा. लिमिटेड, मुंबई नामक एजेंसी को भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से सर्वेक्षण के इस दौर को, गतिविधियों के चरण-वार फिर से शुरू होने के मद्देनजर, आमने-सामने और साथ ही टेलीफ़ोन द्वारा भी करने का कार्य सौंपा गया हैं। इस प्रयोजन से उक्त एजेंसी चुनिंदा परिवारों से संपर्क करेगी तथा उनसे उनकी प्रतिक्रिया देने का अनुरोध किया जाता है। ऐसे व्यक्ति भी लिंक की हुई सर्वेक्षण सूची का प्रयोग कर अपनी प्रतिक्रिया देकर इस सर्वेक्षण में भाग ले सकते हैं जिनसे एजेंसी द्वारा संपर्क नहीं किया गया। भरी गई सर्वेक्षण सूची को निम्नलिखित संपर्क ब्योरे के अनुसार ई-मेल द्वारा भेजा जा सकता है। इस संबंध में किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:

निदेशक,
परिवार सर्वेक्षण प्रभाग,
सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग,
भारतीय रिज़र्व बैंक,
सी-8, दूसरी मंज़िल,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051;
फोन : 022-2657 8398, 022-2657 8332;
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें ।

अजीत प्रसाद
निदेशक

प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/879